# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 03.05.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सारनाथ स्थित उंदीताल का निरीक्षण किया। इस दौरान परियोजना से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यहां इनलेट और आउटलेट चैनल की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण कराने के निर्देश भी दिए। मौके पर डीपी सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, सहायक अभियंता अनुज, अवर अभियंता विजय मौजूद रहे। वहीं वीडीए की ओर से वार्ड सारनाथ के आजमगढ़ रोड पर राज कुमार, मढ़वा आजमगढ़ रोड पर लक्ष्मीनारायण गुप्ता और मवईयां में यशोदा देवी के अवैध निर्माण को जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश की अगुवाई में सील किया गया।

## अमर उजाला–दि0 03.05.2025

### क्रिकेट स्टेडियम गंजारी के पास बनेगी 10 हजार वाहनों की क्षमता वाली मल्टीलेवल पार्किंग

**वाराणसी।** गंजारी के पास बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप 10 हजार वाहनों की मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी। इसे लेकर वीडीए ने तैयारी शुरू कर दी है। वहां पार्किंग के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। इसके लिए यहां पर जमीन लेकर वीडीए पार्किंग स्थल का विकास करेगा।

अब तक शहर में चार बहुमंजिली पार्किंग हैं। अधिकारियों के अनुसार 30 हजार क्षमता वाले निर्माणाधीन स्टेडियम में तकरीबन 12 हजार लोग वाहन से आने का अनुमान लगाया गया है। स्टेडियम में पहले से 1500 वाहनों की क्षमता की पार्किंग प्रस्तावित है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि गंजारी के भविष्य को ध्यान में रखकर 10 हजार क्षमता की पार्किंग बनाने की योजना है। अभी इसे अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। जल्द ही बैठक में तय कर इसकी रूपरेखा रखी जाएगी। भविष्य को ध्यान में रखकर यह कम होगा। इसे देखते हुए तकरीबन 10 हजार क्षमता वाले वाहनों की बहुमंजिली पार्किंग बनाई जाए। इसमें 7 हजार दो पहिया और तीन हजार चार पहिया वाहन आसानी से खड़े हो जाएं। इसके लिए जमीन की आवश्यकता है। जल्द ही शासन प्रशासन के साथ होने वाली बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाना है। *ब्यूरो*

**पार्किंग**


हिन्दुस्तान—दि0 03.05.2025

## उपाध्यक्ष ने उंदीताल में किया निरीक्षण

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सारनाथ स्थित उंदीताल का निरीक्षण किया। इस दौरान परियोजना से सम्बंधित कार्यों की प्रगति जानी। चयनित कंसलटेन्ट 'प्लानर इंडिया' के डीपी सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा ने ले-आउट की प्रस्तुति दी।

राष्ट्रीय सहारा—दि0 03.05.2025

## वीडीए ने तीन अवैध निर्माणों को किया सील



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन-दो, वार्ड-सारनाथ के प्रवर्तन टीम ने तीन अवैध अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की। प्रवर्तन टीम ने सील किये गये निर्माण को थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया हैं। मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश, अवर अभियंता विनोद कुमार, प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। सील बंद कराये गये निर्मार्णों में जोन-दो में राज कुमार द्वारा मौजा-आजमगढ़, वार्ड-सारनाथ, में लगभग 120 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (बी+एस+1) बेसमेंट का निर्माण कर भू-तल कालम पर बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-दो में लक्ष्मी नारायण गुप्ता द्वारा मौज-मढ़वा, आजमगढ़ रोड, होटल अशोक के सामने वार्ड-सारनाथ में लगभग 130 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (बी+जी+2) निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया। इसी प्रकार जोन-दो में यशोदा देवी द्वारा मौज-मवईया, नित्यानंद हास्पिटल के पास वार्ड-सारनाथ में लगभग 30 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (जी+1) निर्माण किया जा रहा था, उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 03.05.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने उंदीताल का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सारनाथ वार्ड स्थित उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर चयनित कंसलटेंट 'प्लानर इंडिया' के डीपी सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा व सहायक अभियंता अनुज, अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने ले-आउट की प्रस्तुति दी, जिस पर उपाध्यक्ष की तरफ से कुछ आवश्यक संशोधनों के लिए निर्देश दिए गए, विशेषकर स्थल के अंशों में पुनर्विकास को ध्यान में रखते हुए। इसके साथ ही इंलेट व आउटलेट चैनल की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण करने के निर्देश भी कंसलटेंट को दिए गए, ताकि जल प्रबंधन व पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य को बेहतर रूप में प्राप्त किया जा सके।

## न्यायाधीश–दि0 03.05.2025

### सारनाथ स्थित उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण किया गया



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा आज दिनांक 02/05/2025 को सारनाथ स्थित उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।इस अवसर पर चयनित कंसलटेन्ट 'प्लानर इंडिया' के डी.पी. सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा व सहायक अभियंता अनुज ,अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने ले-आउट की प्रस्तुति दी, जिस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कुछ आवश्यक संशोधनों हेतु निर्देश दिए गए, विशेषकर स्थल के अंशों में पुनर्विकास को ध्यान में रखते हुए।इसके साथ ही इंलेट व आउटलेट चैनल की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक सर्वेक्षण करने के निर्देश भी कंसलटेन्ट को दिए गए, ताकि जल प्रबंधन व पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य को बेहतर रूप में प्राप्त किया जा सके।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 03.05.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण की परवर्तन टीम ने की कार्यवाही

वाराणसी । विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 , वार्ड- सारनाथ के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश,अवर अभियंता विनोद कुमार प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।जोन-2 में राज कुमार द्वारा मौजा - आजमगढ़, वार्ड-सारनाथ, में लगभग 120 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (बी +एस +1) बेसमेंट का निर्माण कर भू - तल कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया।वही जोन-2 में श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता द्वारा मौज - मढ़वा, आजमगढ़ रोड, होटल अशोक के सामने वार्ड - सारनाथ में लगभग 130 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (बी +जी+2) निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-2 में यसोदा देवी द्वारा भ0 सं-15/25 मौज - मवईया, नित्यानंद हास्पिटल के पास वार्ड - सारनाथ में लगभग 30 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में (जी+1) निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।



## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 03.05.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने की स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा सारनाथ स्थित उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।इस अवसर पर चयनित कंसलटेन्ट प्लानर इंडिया के डी.पी. सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा व सहायक अभियंता अनुज ,अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने ले-आउट की प्रस्तुति दी, जिस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कुछ आवश्यक संशोधनों हेतु निर्देश दिए गए, विशेषकर स्थल के अंशों में पुनर्विकास को ध्यान में रखते हुए। इसके साथ ही इंलेट व आउटलेट चैनल की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक सर्वेक्षण करने के निर्देश भी कंसलटेन्ट को दिए गए, ताकि जल प्रबंधन व पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य को बेहतर रूप में प्राप्त किया जा सके।



तरूणमित्र न्यूज–दि0 03.05.2025

## वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण कर की कार्य प्रगति की समीक्षा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सारनाथ स्थित उंदीताल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान परियोजना से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर चयनित कंसलटेन्ट प्लानर इंडिया के डी.पी. सिंह, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा व सहायक अभियंता अनुज, अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने ले-आउट की प्रस्तुति दी, जिस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कुछ आवश्यक संशोधनों हेतु निर्देश दिए गए, विशेषकर स्थल के अंशों में पुनर्विकास को ध्यान में रखते हुए। इसके साथ ही इंलेट व आउटलेट चैनल की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक सर्वेक्षण करने के निर्देश भी कंसलटेन्ट को दिए गए, ताकि जल प्रबंधन व पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य को बेहतर रूप में प्राप्त किया जा सके।